नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय की ओर से केरल आपदा सहायता निधि में 4 लाख 53 हजार की मदद

वर्धा, 07 सितंबर 2018: बाढ़ त्रासदी से जूझ रहे केरलवासियों के लिए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा ने अपनी ओर से 4 लाख 52 हजार 508 रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। विश्वविद्यालय ने यह राशि मुख्यमंत्री आपदा सहायता निधि में जमा कर दी है। केरल की आपदा को देखते हुए विश्वविद्यालय ने सभी कर्मियों को अपने मासिक वेतन से एक दिन का वेतन देने का आह्वान किया था। विश्वविद्यालय के इस आह्वान को शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक अधिकारी तथा कर्मियों ने अपनी सहमति प्रदान करते हुए एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री आपदा सहायता निधि में दिया। विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कर्मियों ने भी राहत कोष में सहायता देते हुए एक दिन का वेतन प्रदान किया। वैसे ही विद्यार्थियों की ओर से एकत्र की गई धनराशि 81,739 जमा हुई थी। इस प्रकार से कुल 4 लाख 52 हजार 508 रुपये मुख्यमंत्री आपदा सहायता निधि में जमा कर दिये गये। विश्वविद्यालय की इस मानवीय पहल की सराहना की जा रही है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने इस नेक कार्य हेतु सहायता प्रदान करने के लिए सभी शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक कर्मियों, आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कर्मियों तथा विद्यार्थियों के प्रति आभार जताया है।